हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



खबर संक्षेप

जिला चिकित्सालय में टाईप 1 डायबिटीज क्लीनिक का शुभारंभ

जांजगीर-चांपा। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय जांजगीर में टाईप 1 डायबिटिज (टी1डी) क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्रीमती अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इसका उद्देश्य जिले में टाईप 1 डायबिटिज से पीड़ित बच्चों एवं किशोरों के लिये जांच उपचार एवं नियमित फॉलोअप सेवाओं का सुदृढ़ीकरण किया जा सके। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ. बी.एल. जागृति, डॉ. मधुराधा राठौर, डॉ. एन. के. धुर्वे, डॉ. लोकेन्द्र कश्यप, डॉ. आलोक मंगलम, डॉ. संदीप साहू, डॉ. अभिषेक कौशिक, अंकित ताम्रकार, कोमल प्रसाद, देवेन्द्र कुमार देवांगन उपस्थित थे। विलियम जे. क्लिंटन फाउन्डेशन के सहयोग से संचालित यह क्लीनिक प्रत्येक गुरूवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला चिकित्सालय जांजगीर में संचालित होगा।

प्रिंटर,कलर,स्कूटी समेत अन्य सामग्री जब्त

साढे 17 हजार के नकली नोट के साथ छोड़े गए दोनों आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

नकली नोट मामले में आखिरकार पुलिस ने पहले छोड़े गए दोनों आरोपियों को पुनः गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 17500 के नकली नोट, के साथ नोट बनाने में प्रयुक्त सामग्री व एक्टिवा जब्त किया गया है। यह कार्रवाई हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित करने के उपरांत हुई है।

गौरतलब है कि शुक्रवार 23 अक्टूबर की शाम बजरंग चौक के डेली नीड्स की दुकान पर दो युवकों को नकली नोट खपाने की कोशिश करते लोगों ने पकड़ा और हसौद पुलिस के हवाले कर दिया। इसके कुछ देर बाद बिना कानूनी कार्रवाई के दोनों को छोड़ दिया गया, जिस पर लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, वहीं नकली नोट चलाने की कोशिश करते पकड़े गए दोनों लड़कों का वीडियो वायरल होने लगा। जिसके बाद मामला चर्चा में आया। हरिभूमि ने इस विषय पर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया, जिसमे बिलासपुर आईजी सेबी चर्चा की गई तो उन्होंने कार्रवाई की बात कही थी इसके बाद सक्ती एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। मामले में डभरा एसडीओपी को जांच कर दो दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देश दिए। दूसरी ओर मंगलवार की शाम पुलिस ने दुकान संचालक को थाना बुलाया और मामले की जानकारी ली। इसके साथ ही साथ पुलिस की टीम ने कोसीर कहरा पारा पहुंचकर दोनों आरोपी नरेश आदित्य और संजय आदित्य के घर दबिश देकर उन्हें पकड़ा। इस दौरान उनके पास से 100 और 500 रुपये के कुल 79 नकली नोट मिले,जिनकी कुल अंकित कीमत 17,500 रुपये बताई गई है। इसके अलावा एक कलर प्रिंटर, स्केल. कटर. गोंद का डिब्बा, हरे रग का चमकीला टेप, फोटो पेपर, नोट छापने के लिए तैयार किए गए दों फ्रेम और नीले रंग की एक्टिवा स्कूटी सीजी 13 एजेड 9089 को जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 178,179,180,181, 3(5) पंजीबद कर 28 अक्टूबर बुधवार को विधिवत गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बड़ा सवाल अभी भी बरकरार

पुलिस जांच के दौरान नकली नोट के इस मामले में करवाई तो हुई है, लेकिन शुक्रवार 23 अक्टूबर की रात दोनों आरोपियों को क्यों और किसके निर्देश पर छोड़ा गया,यह बड़ा सवाल अभी भी बरकरार है। हालांकि हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित करने के बाद आईजी रामगोपाल गर्ग ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं जिस पर एसडीओपी सुमित गुप्ता इस मामले की जांच कर रहे हैं। जारी आदेश के मुताबिक दो दिवस के भीतर जांच करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश पुलिस अधीक्षक ने दिए थे, लेकिन जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं हो सका है। इस संबंध में एसडीओपी श्री गुप्ता का कहना है कि काम की व्यवस्था के चलते जांच नहीं हो पाई है और भी काम है। समय अनुसार जांच करेंगे।





खबर संक्षेप

नवप्रवेशित प्रशिक्षार्थियों के स्वागत में फ्रेशर्स पार्टी



राहौद। राहौद एजुकेशन सोसाइटी राहौद में बुधवार 28 अक्टूबर को नवप्रवेशित प्रशिक्षार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह प्राचार्य, सीताराम कश्यप कॉलेज ऑफ फार्मेसी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरव वर्मा उपप्राचार्य,सीताराम कश्यप कॉलेज ऑफ फार्मेसी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें गाना सुनकर सामान लाना, बैलेंस द कप, धागा खोलना, गेस द सॉन्ग तथा बिस्किट गेम जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया। इसके साथ ही नृत्य एवं गायन की शानदार प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कनक सिंहा एवं प्राध्यापक गण रामनारायण कश्यप क्रीड़ा अधिकारी, जी.पी. कौशिक, अनिरुद्ध कश्यप लाइब्रेरियन, श्याम साहू, प्रदीप वर्मा, जयराम कश्यप कार्यक्रम अधिकारी, सुधा कश्यप सहायक कार्यक्रम अधिकारी एवं अनिल कश्यप उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड से सम्मानित हुए लोको पायलट महंत



जांजगीर-चांपा। ऑनलाइन /ऑफलाइन दोनों माध्यम में 2015 से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी निशुल्क करवाने वाले शिक्षाविद और रक्तमित्र, बालिका शिक्षाउत्थान,एवं सामाजिक उत्थान में हमेशा अग्रणी रहने वाले बलौदा ब्लॉक के ग्राम कमरीद निवासी डॉ टंकेश कुमार महंत लोको पायलट को छत्तीशगढ़ के वक्ता मंच रायपुर के वृदावन सभा गृह (सिविल लाइन) में गरिमामय आयोजन में छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 100 विभूतियों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ टंकेश कुमार महंत पिता नारायण दास महंत कोरबा में 2013 से भारतीय रेलवे में लोको पायलट के रूप में पदस्थ है। 2013 से ही प्रतियोगिता शिक्षा, सामाजिक सेवा, बालिका शिक्षा उत्थान ,स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए अनवरत प्रयास कर रहे है। इसी कारण डॉ महंत को प्रधानमंत्री संग्रहालय में विश्व संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर की मानद उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है। साथ में समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षा हेतु सावित्रीबाई फुले पुरस्कार और युवाओं में मोटिवेशन हेतु स्वामी विवेकानन्द अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

निधन

रामलाल कश्यप

बिर्रा। गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के प्रतिष्ठित नागरिक रामलाल कश्यप का गुरुवार 29 अक्टूबर को निधन हो गया। वे लगभग 56 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार जमडी रोड में स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके सुपुत्र नरसिंह प्रसाद कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्रामवासी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।



लक्ष्मीनारायण राठौर

सक्ती। ग्राम सराईपाली (सुवाडेरा) के प्रतिष्ठित व्यक्ति लक्ष्मीनारायण राठौर का आकस्मिक निधन इलाज के दौरान नागपुर में हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 29 अक्टूबर को स्थानीय मुक्तिधा में दोपहर के समय हुआ। वे कपिल राठौर के भाई एवं सागर राठौर तथा शिवम राठौर के पिता थे।



जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810


नियमित पानी नहीं मिलने के कारण दैनिक जरूरतों को पूरा करने में हो रही परेशानी

धार्मिक नगरी में महीनों से बंद टेप नल सप्लाई, वार्डवासियों में बढ़ रही नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण नगर में अमृत नल जल योजना के तहत कार्य जारी है, लेकिन दूसरी ओर पेयजल आपूर्ति की बदहाल व्यवस्था ने नगरवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। कहीं नलों से गंदा पानी आ रहा है, तो कहीं कम दबाव से जलापूर्ति हो रही है। वहीं, वार्ड क्रमांक 05 और 06 में लंबे समय से पानी की सप्लाई प्रभावित होने से लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए जूझना पड़ रहा है। बार-बार सामने आ रही शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से नागरिकों में नाराजगी है।

नगर में अमृत नल जल योजना का कार्य शुरू होने के बाद से विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति की समस्या लगातार सामने आ रही है। कहीं गंदे पानी की शिकायत है, तो कहीं नलों से पानी बेहद धीमी गति से आ रहा है। वहीं, वार्ड क्रमांक 05 और 06 में लंबे समय से नल सप्लाई प्रभावित होने की बात सामने आई है। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर बनी इस स्थिति से नगरवासियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इसके बावजूद समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। नगर के अलग-अलग वार्डों में जलापूर्ति व्यवस्था को



लेकर नागरिकों की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, नलों से नियमित पानी नहीं मिलने के कारण दैनिक जरूरतों को पूरा करने में परेशानी हो रही है। वहीं, कुछ स्थानों पर कम दबाव से पानी आने और गंदे पानी की समस्या भी बनी हुई है। वार्ड क्रमांक 05 और 06 में लंबे समय से प्रभावित जलापूर्ति को लेकर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। नगर में अमृत नल जल योजना का कार्य प्रगति पर है। निर्माण और पाइपलाइन संबंधी कार्यों के दौरान कुछ क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित होना संभव है, लेकिन लंबे समय तक समस्या बनी रहना चिंता का विषय है। विकास कार्यों के साथ-साथ नागरिकों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराना और प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना भी जरूरी है। नगरवासियों की अपेक्षा है कि संबंधित विभाग के अधिकारी प्रभावित वार्डों का निरीक्षण कर जलापूर्ति बाधित होने के कारणों का पता लगाएं। साथ ही, गंदे पानी, कम दबाव और बंद नल सप्लाई जैसी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े। नगरवासियों का कहना है कि शिवरीनारायण में जलापूर्ति व्यवस्था कब सुधरेगी और वार्ड क्रमांक 05 व 06 के रहवासियों को नियमित पानी कब मिलेगा। नगरवासियों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएंगे और प्रभावित परिवारों को राहत मिलेगी।

डिजिटल क्रॉप सर्वे, ग्राम सभा में वाचन के पश्चात ली जाएगी आपत्ती, फिर करेंगे निराकरण

जांजगीर-चांपा। एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत सभी कृषकों का विवरण 1 नवम्बर से आयोजित विशेष ग्राम सभा में पढ़कर सुनाया जाएगा तथा पंजीकृत कृषकों की सूची ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकनार्थ चस्पा की जाएगी। 5 नवम्बर तक कृषकों के पंजीकृत खसरों में डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से दर्ज फसल विवरण का भी वाचन के उपरांत 6 से 10 नवंबर तक प्राप्त आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा।

तय कार्यक्रम के मुताबिक 1 नवम्बर से 5 नवम्बर को आयोजित विशेष ग्राम सभा में सोसाइटी मॉड्यूल से ऐसे पंजीकृत कृषक और उनके खसरों की सूची का प्रकाशन एवं वाचन किया जाएगा, जिनमें धान विक्रय किया जाना है। पंजीकृत सभी खसरों में डिजीटल क्रॉप सर्वे से क्या फसल लिया गया है उसका भी वाचन किया जाएगा। सूची का प्रकाशन ग्राम पंचायत या अन्य प्रमुख स्थलों और समितियों में किया जाएगा। साथ ही कोटवार के माध्यम से मुनादी कराई जायेगी। इस दौरान त्रुटि सुधार को लेकर प्राप्त सभी दावा-आपत्तियों को समितियों में एकत्रित किया जाएगा और उनका 6 नवम्बर से 10 नवम्बर के मध्य विधिवत निराकरण किया जाएगा। जिन दावा-आपति का निराकरण तत्काल किया जा सकता है, उनका समाधान कारक हल कर कृषक को तत्काल सूचित किया जाएगा। यदि कृषकों के पंजीकृत खसरे में कोई खसरे छूट गये हों वे समिति या चॉइस सेंटर में अपने अद्यतन बी-1 और आधार (ओटीपी हेतु मोबाइल के साथ) उपस्थित होंगे, उनका फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से सभी खसरे जोड़ लिए जाएँ। यदि किसी कृषक का अप्रूवल लंबित होगा उसे राजस्व टीम के द्वारा तत्काल अप्रूवल किया जाएगा। यदि कृषक के पंजीयन विवरण में डिजीटल क्रॉप सर्वे से प्राप्त फसल विवरण में त्रुटि होगी उसका भौतिक सत्यापन कर सही फसल की प्रविष्टि करने हेतु डिजीटल क्रॉप सर्वे की गाइड लाइन अनुसार समाधान किया जाएगा।

भूपेंद्र ने फतेह किया मुक्ताराजा का गढ़ 19 प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

बाराद्वार। नगर पंचायत बाराद्वार के मुक्ताराजा स्थित गढ़ में आयोजित पारंपरिक गढ़ प्रतियोगिता में इस वर्ष बाराद्वार के भूपेंद्र यादव ने गढ़ फतेह कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं प्रतियोगिता के बाद आयोजित छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी नाइट ने ऐसा समां बांधा कि देर रात तक कार्यक्रम स्थल श्रोताओं और दर्शकों से खचाखच भरा रहा। प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित गढ़ प्रतियोगिता में 19 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। करीब पांच राउंड तक चले रोमांचक मुकाबले में प्रतिभागियों ने गढ़ पर विजय हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया। अंततः भूपेंद्र यादव ने सफलता हासिल की। आयोजन समिति में जितेश शर्मा अन्नपूर्णा की ओर से विजेता को 5100 रुपये नगद एवं साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त दर्शक अंशुल अग्रवाल ने 1100 रुपये तथा विजय पटेल (पुलिस विभाग) की ओर से 500 रुपये का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में गढ़ प्रतियोगिता के दौरान सांसद कमलेश जांगड़े ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा, पुलिस अधीक्षक सक्ती, जिला पंचायत सीईओ सक्ती, नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, सांसद प्रतिनिधि अमित कलानौरिया, पार्षद अजय सिंह राजपूत, पवन बंसल (मोंटा) ओमप्रकाश कुर्रे, अमित बरेठ, राजेश साहू, अनिल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



संविधान की रक्षा के लिए हर कार्यकर्ता निभाएं सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेश एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित कमलाहरि एवेन्यू में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई।

- **जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक, दिल्ली आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया**



बैठक में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा सक्ती जिले के लिए नियुक्त आब्जर्वर नानाभाऊ पटोले, नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक डॉ. चरणदास महंत, जिला कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विनय जायसवाल, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जिला प्रभारी हरीश परसाई एवं पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए अतिथियों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेसजनों से एकजुट होकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और मताधिकार की सुरक्षा के लिए जनजागरण जरूरी है। इसके लिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठनात्मक स्तर पर सक्रियता के साथ अभियान को जन-जन तक पहुंचाना होगा। एआईसीसी आब्जर्वर नानाभाऊ पटोले ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से आगामी 1 दिसंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले 'वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन में सक्ती जिले से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात में संविधान की रक्षा के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आंदोलन को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी में जुटने और अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने 1 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले 'वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

जिला दण्डाधिकारी ने गुंडा-बदमाश को एक वर्ष के लिए किया बदर

जांजगीर-चांपा। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने थाना सिटी कोतवाली जांजगीर क्षेत्र के गुंडा-बदमाश भैरव मिश्रा के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने प्रकरण की सुनवाई के बाद निष्कासन आदेश जारी करते हुए उसे एक वर्ष की अवधि के लिए जांजगीर-चांपा सहित छह जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर रहने का आदेश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार भैरव मिश्रा पिता रामधन मिश्रा निवासी थाना जांजगीर क्षेत्र के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के तहत जिला बदर का प्रकरण तैयार किया था। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के माध्यम से प्रकरण जिला दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जिला दण्डाधिकारी ने निष्कासन आदेश पारित किया। जारी आदेश के अनुसार भैरव मिश्रा को एक वर्ष तक जांजगीर-चांपा जिले के अलावा सीमावर्ती सक्ती, बलौदाबाजार-भाटापारा, बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आदेश की अवधि के दौरान संबंधित जिलों की सीमा में बिना अनुमति प्रवेश करने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस के अनुसार, जिला बदर की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

जगराते में भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के हृदय स्थल शास्त्री चौक में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा शास्त्री चौक की महारानी के सम्मान में भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा एवं उनकी पार्टी की सुमधुर प्रस्तुतियों से पूरा चौक देर रात तक माता रानी के जयकारों और देवी गीतों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम में प्रस्तुत आकर्षक धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जगराते की शुरुआत विवेक शर्मा ने लोकप्रिय देवी भजन 'चले आबे ओ दाई, अंगना म मोर' से की। इसके बाद 'सोलह सिंगार करके, लाली चुनरिया ओढ़े' सहित अनेक देवी भजनों की प्रस्तुति देकर उन्होंने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।

छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए 'चईत के महीना दाई आबे', 'आमा पान के पतरी' और 'झुपत-झुपत आबे दाई मोर अंगना ओ' जैसे गीतों ने विशेष उत्साह पैदा किया। देवी गीतों के साथ भगवान शिव और महाकाल की महिमा पर आधारित 'दीवाना हूं महाकाल का, उज्जैन के सरकार का' तथा 'भोले बाबा मेरे हैं, मैं बेटा हूं महाकाल का' जैसे भजनों ने भी श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। वहीं भगवान शिव-पार्वती, श्रीराम-सीता और हनुमान जी की धार्मिक झांकियां कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं। भक्ति संगीत और झांकियों के संगम ने आयोजन को धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया।जगराते में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से



बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। परिवार सहित पहुंचे लोगों ने माता रानी के दर्शन कर भजन-कीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन और मनमोहक प्रस्तुतियों के लिए नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति की ओर से भजन गायक विवेक शर्मा एवं उनकी पार्टी के कलाकारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सुमित बघेल, एसडीओपी मिखलेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी जय कुमार साहू, पार्षद धनराज सिंह चौहान, अनुज सिंह बैस, गिरधारी कमानिया, साकेत द्विवेदी, विनोद द्विवेदी, मुकेश हरगुनानी, पप्पू गांधी, सुशील गुप्ता, अमित सब्बरवाल, विजय श्रीवास, दिलीप देवांगन, पिंटू गुप्ता, राहुल वाधवानी, बंटी केड़िया, मनीष हरगुनानी, लल्ला कमानिया, उदय प्रताप सिंह, गौरव द्विवेदी, तनीष जैन एवं रुद्र सब्बरवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक और नगरवासी उपस्थित रहे।

विविध उपलब्धियों के लिए राजेश व नेहा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ ने इस वर्ष से समाज के ऐसे व्यक्तियों को सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया हैं जिन्होंने विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हो। इसके तहत इस वर्ष आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह में संघ द्वारा राजनीति के क्षेत्र में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल तथा समाज सेवा के क्षेत्र में श्रीमती नेहा अविनाश अग्रवाल को अतिथियों के हाथों पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो प्रदान कराकर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय हैं कि राजेश अग्रवाल वर्ष 2014 में चाम्पा नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे. वे वर्तमान में देश के राष्ट्रीय दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जांजगीर चाम्पा जिला इकाई के अध्यक्ष चुने गए हैं। यह जिले के राजनीतिक इतिहास में पहली बार हुआ हैं जब वैश्य समाज से कोई कांग्रेस जैसे बड़े राजनीतिक दल का कोई अध्यक्ष चुना गया हो। अग्रवाल को इन्हीं विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा जिले के सेवा निवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और लायंस इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट 3233



सी के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल की ज्येष्ठ पुत्रवधु श्रीमती नेहा अविनाश अग्रवाल को समारोह में सर्वश्रेष्ठ समाज सेविका के रूप में सम्मानित किया गया। श्रीमती अग्रवाल अपने विवाह पूर्व से ही वर्ष 2009 10 से दादा और दादी के सानिध्य में सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय हैं। वे विगत 16 वर्षों से अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन से जुड़कर चाम्पा शाखा की अध्यक्ष और संरक्षक के साथ ही वर्तमान में प्रदेश पर्यावरण संरक्षण प्रमुख के दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रही हैं। श्रीमती अग्रवाल विभिन्न माध्यमों से समाज को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करने के प्रयास में जुटी हैं। स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ ने समाज के दोनों श्रेष्ठ रत्नो को सम्मानित किये जाने पर गर्व महसूस करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की हैं।

मानस सत्संग में सीताजी के आदर्शों से दिया संस्कार और सद्भाव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शरद पूर्णिमा के अवसर पर दल्हा पहाड़ की तलहटी स्थित अर्धनारीश्वर मंदिर परिसर में रविवार को साप्ताहिक मानस सत्संग की 28वीं कड़ी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ आयोजित हुई।

श्रीरामचरितमानस के प्रसंग 'अवध में सीताजी का अभिनंदन—महाराज दशरथ के भाग्य की सराहना' पर केंद्रित इस आयोजन में संत-महात्माओं, मानस मर्मज्ञों और श्रद्धालुओं ने मर्यादा, नारी सम्मान, पारिवारिक संस्कार तथा सामाजिक सद्भाव के महत्त्व पर विचार साझा किए। मानस मधुकर आचार्य दिनेश भारती गोस्वामी ने सीताजी के चरित्र को त्याग, शील, करुणा और मर्यादा का अनुपम आदर्श बताते हुए कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को श्रेष्ठ दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। इसके आदर्शों को आत्मसात कर परिवार और समाज में प्रेम, सम्मान तथा सद्भाव की भावना सुदृढ़ की जा सकती है। प्रयागराज स्थित सहज योग आश्रम के शिवम महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सत्संग की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब उसमें प्राप्त विचार व्यक्ति के आचरण में प्रतिबिंबित हों। आत्मचिंतन, सेवा और सदाचार के माध्यम से ही व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समाज के कल्याण में योगदान दे सकता है। रविशंकर दुबे ने सीताजी के अभिनंदन प्रसंग की व्याख्या करते हुए इसे नारी सम्मान, पारिवारिक आत्मीयता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ा। डॉ. (श्रीमती) रमाकांति साहू सहित अन्य वक्ताओं ने भी मानस के आदर्शों की वर्तमान सामाजिक जीवन में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री प्रज्ञापीठ, लिंगियाडीह, बिलासपुर की ब्रह्मवादिनी बहनों के मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन और शंखनाद से हुआ। गुरु-ईश वंदना, अर्धनारीश्वर स्तुति और रामभक्ति से ओतप्रोत गीतों एवं भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। डॉ. शिवदयाल पटेल ने आयोजन की भूमिका प्रस्तुत की। कुमारी उपासना साहू एवं श्रीमती प्रतिभा साहू ने 'हम कथा सुनाते राम सकल गुणधाम कीङ्ख' गीत प्रस्तुत किया, वहीं रामप्रसाद साहू और चूड़ामणि सिदार की भजन प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावविभोर किया। सत्संग के दौरान मानस प्रेमियों के बीच विचार-विमर्श, अतिथियों का सम्मान-अभिनंदन तथा 'हमारा युग निर्माण सत्संकल्प' का सामूहिक वाचन भी हुआ। श्रीमती सुनयना गौर ने आभार व्यक्त किया और ब्रह्मवादिनी बहनों के शांतिपाठ के साथ मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पश्चात सामूहिक सुआ नृत्य ने आयोजन में लोकसंस्कृति के रंग भी भर दिए। समूचे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और दायित्वों का निर्वहन विनोद कुमार साहू के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में सोनपुरी बाबा सहित अनेक संत-महात्माओं, समाजसेवियों, गायत्री परिवार के साधकों और बड़ी संख्या में मानस प्रेमियों की सहभागिता रही।

- **साप्ताहिक मानस सत्संग की 28वीं कड़ी में संतों और मानस मर्मज्ञों ने किया श्रीरामचरितमानस के जीवनोपयोगी संदेशों का विवेचन**




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

हेल्थ केयर के छात्र छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण



जैजैपुर। समग्र शिक्षा एवं वीटीपी लर्नेट स्किल्स लिमिटेड द्वारा संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचंदा में हेल्थ केयर के छात्र छात्राओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजैपुर में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान ओपीडी, आईपीडी, एक्सरे, टीकाकरण, प्रसव, आई विभाग, पैथॉलजी लैब, दवाई, एवं बीमारियों जैसे - बीपी, शुगर पेट दर्द, बुखार, सर्दी खांसी, पर्सनल हाइजीन एवं इससे होने वाली समस्या के समाधान के साथ ही सीएचसी में मौजूद उपकरण, वार्मर, बीपी, शुगर जांच उपकरण थर्मामीटर के बारे में जानकारी बीएमओ डॉ. उमाशंकर साहू ,डॉ. शशिकिरण लहरी ,फार्मासिस्ट श्री चंद्रप्रकाश,एवं स्टाफ नर्स के द्वारा जानकारी दिया गया। शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण कचंदा के विद्यालय के प्राचार्य पी आर कर्ष के मार्गदर्शन एवं व्याख्याता मनीष सिदार, सुश्री सरिता टंडन हेल्थ केयर प्रशिक्षक जागेश्वरी साहू एवं विद्यालय के स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ।



ऑपरेशन सिंदूर में लीड रोल करेंगे कार्तिक

मुंबई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' देशभर में चर्चा का विषय रहा था। अब इस पर फिल्म बनने जा रही है, जिसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री करेंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म में कार्तिक आर्यन को बतौर लीड हीरो साइन किया गया है। यह फल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों की किताब 'ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान' पर बेस्ड होगी। इस फिल्म का ऐलान विवेक अग्निहोत्री ने मार्च में किया था, लेकिन अब इससे जुड़ी कुछ और दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं।

लाइफ Style

सारा

मेरे पास कोई गॉडफादर नहीं

एजेंसी ⏭ मुंबई

सारा अली खान इन दिनों अपनी फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने करियर, परिवार और नेपोटिज्म जैसे मुद्दे पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि उनके पिता सैफ अली खान ने उन्हें कोई फिल्म दिलाने के लिए अर्जी कभी नहीं दी।

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान एक बार फिर नेपोटिज्म यानी परिवारवाद को लेकर अपने बयान के कारण चर्चा में हैं। फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने वाली सारा ने स्वीकार किया कि उनके पारिवारिक बैकग्राउंड ने इंडस्ट्री में एंट्री पाने और पहचान बनाने में मदद की है। हालांकि, उनका मानना है कि नेपोटिज्म पर लगातार होने वाली बहस कई बार कलाकारों की मेहनत को नजरअंदाज कर देती है। सारा ने अपने संघर्ष के बारे में बात करते हुए मां अमृता सिंह के साथ बिताए समय का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह अपनी मां के साथ रहती हैं और उनके पिता सैफ अली खान ने उनके फिल्मी कॉन्ट्रैक्ट या फिल्मों में काम दिलाने के लिए निर्माताओं के चक्कर नहीं लगाए। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी मां के साथ रहती हूं। मेरे पिता ऐसे नहीं थे कि दफ्तरों में जाकर मेरे कॉन्ट्रैक्ट पर बातचीत करते या लोगों से मेरी फिल्मों में कास्ट करने की गुजारिश करते, भीख मांगते या मिन्नतें करते। जब 'केदारनाथ' के दौरान समस्या आई थी, तब मैं खुद उसे सुलझा रही थी। उस समय मेरे साथ कोई नहीं था। यह दोधारी तलवार की तरह है, क्योंकि इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर बिल्कुल नहीं रहा।'



हॉलीवुड मसाला



फीका जा रहा विद्युत का हॉलीवुड डेब्यू

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में विद्युत जामवाल को अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन उनका नाम इंडस्ट्री में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। अब एक्टर ने अपना हॉलीवुड डेब्यू भी कर लिया है। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ते का वक्त हो चुका है। इस फिल्म के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। स्ट्रीट फाइटर ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को लचर प्रदर्शन किया है और फिल्म 50 लाख भी नहीं कमा सकी है।



लौट रही है 'द रिंग्स ऑफ पावर' की जादुई दुनिया

नई दिल्ली। द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। मिडिल-अर्थ की जादुई दुनिया एक बार फिर दर्शकों को रोमांच और रहस्य से भरी कहानी दिखाने के लिए तैयार है। इस मशहूर फैंटेसी सीरीज के तीसरे सीजन का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। नए ट्रेलर में पहले से ज्यादा खतरनाक जंग, अंधेरे की बढ़ती ताकत और कई बड़े संघर्षों की झलक देखने को मिलती है। द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर का तीसरा सीजन 11 नवंबर को रिलीज होने वाला है। सीजन 3 की कहानी एरेगियन के पतन के पांच साल बाद की घटनाओं पर आधारित है, जब मिडिल-अर्थ में एक बड़ी जंग छिड़ जाती है।



हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी पायर

मुंबई। विनोद कापड़ी की फिल्म पायर 30 अक्टूबर को भारत में हिंदी और मलयालम में रिलीज हो रही है। फिल्म 'पायर' भारत में रिलीज होने से पहले ही दुनियाभर में डंका बजा चुकी है। अब तक 18 इंटरनेशनल अवॉर्ड जीत चुकी है। भारत का हृदय गांव में बसता है। मगर, व्यक्ति रोजगार व अन्य जरूरतों के लिए गांव से शहर की तरफ पलायन करता है। दिल में उम्मीद होती है कि एक दिन गांव में वापसी होगी। पीछे छूट गए मां-बाप भी इसी आस में होते हैं कि संतान अपने ठौर लौटेगी। मगर, जिंदगी थोड़ी अलग तरह चलती है। माता-पिता के इंतजार और बच्चों के गांव वापसी की उम्मीद...दोनों चलती रहती हैं। कुछ इसी पर आधारित है फिल्म 'पायर'। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता विनोद कापड़ी की यह फिल्म कई इंटरनेशनल फिल्म समारोह में पहले ही तालियां बटोर चुकी है।



मेरे यार बजरंगी में नजर आएंगे किशन

मुंबई। अभिनेता रवि किशन माइथोलॉजिकल फिल्म में नजर आने वाले हैं। पोस्टर के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। 'मेरे यार बजरंगी दोस्ती हो तो ऐसी' टाइटल वाली इस फिल्म में रवि किशन पर्दे पर बजरंगी के दोस्त बनकर छाने वाले हैं। यह फिल्म दिवाली 2027 में रिलीज होगी। इस भक्ति ड्रामा फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिलहाल तो फिल्म के पोस्टर ने पर्याप्त दिलचस्पी पैदा कर दी है। पोस्टर में रवि किशन एक दमदार, लेकिन सादगी भरे अवतार में हैं। पोस्टर में उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है, सिर्फ मुट्ठी बांधने की सिंबॉलिक इमेज भी है। एक हाथ रुद्राक्ष और रक्षा सूत्र पहने शख्स का है। वहीं दूसरा हाथ बजरंग बली का है, जो श्री राम नाम का पटका और रुद्राक्ष की माला पहने हुए हैं। दोनों को एक दिव्य चिंगारी जोड़ती है।

टीवी मसाला




कपिल के शो पर शाहिद मीरा और ईशान का धमाल

नई दिल्ली। कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शोः सीजन 5' के दिवाली स्पेशल एपिसोड में शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा राजपूत कपूर और भाई ईशान खट्टर के साथ नजर आने वाले हैं। इस एपिसोड का पहला प्रोमो बुधवार को नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किया। 1 मिनट 52 सेकेंड का ये प्रोमो काफी मजेदार है। कपिल के शो पर शाहिद, ईशान और मीरा सिर्फ हंसते हुए ही नहीं दिखे हैं, बल्कि ये तीनों मेहमान खूब जोक भी मारते नजर आ रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में दिखाया गया है कि कपिल शर्मा के शो पर शाहिद कपूर और ईशान खट्टर ने झिंग झिंग झिंगाट गाने पर स्टेज हिला दिया। इस दौरान कपिल शर्मा ने मीरा सवाल किया कि शायद ये आपका पहला टीवी अपियरेंस है, जिसपर मीरी ने हां में जवाब दिया। इस दौरान शाहिद कपूर ने 'उड़ता पंजाब'के दौर का एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया, "उड़ता पंजाब जब पूरी की तो, आपको मालूम है कि एडिटिंग रूम में आपको बुलाकर दिखाते हैं फिल्म, ये मेरे साइड में बैठी हुई थीं। फिल्म खत्म हुई तो ये सोफे के उस तरफ बैठ गई।' इस पर कपिल शर्मा ने मजाक में कहा, 'कबीर सिंह देखकर शादी होतीये तो मा जाती।' इस दौरान शाहिद कपूर ने खुलासा किया कि बचपन में उन्होंने ईशान खट्टर के डायपर भी बदलते हैं। वो कहते हैं, "बचपन में मैंने इसके डायपर बदले हैं। बुढ़ापे में ये कह रहा है कि मेरे बदल देगा।' शाहिद की इस बात पर ईशान खूब हंसते दिखाई दिए। जब अर्चना ने सवाल किया कि क्या आप बच्चों को बहुत प्यार देने वाले पिता हैं तो इस पर मीरा कहती हैं, 'बहुत ज्यादा. ये बहुत बिगाड़ते हैं, लेकिन गलत तरह से नहीं।'

नविका और मजेन की सगाई टूटी

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में माया खेरा का किरदार निभा चुकीं एक्ट्रेस नविका कोटिया ने जनवरी में पुणे बेस्ड बिजनेसमैन मजेन मोदे के साथ अपनी सगाई अनाउंस की थी। हालांकि, हाल ही में इस कपल ने अपनी सगाई कैंसिल कर दी है। जानकारी के मुताबिक दोनों इसी साल शादी प्लान कर रहे थे। अब नविका ने मजेन के साथ सगाई से जुड़ी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया से डिलीट कर दी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक नविका और मजेन इसी साल जुलाई में अलग हो चुके हैं। दोनों के बीच तालमेल नहीं बैठ पाने की वजह से ऐसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक शुरू में दोनों के बीच चीजें ठीक थीं, लेकिन फिर इधर सगाई और शादी की तैयारियां शुरू हुईं और उधर चीजें बिगड़नी शुरू हो गईं। मजेन ने दोनों का रिश्ता खत्म होने और उनके रास्ते अलग कर लेने की खबर की पुष्टि की है।



पहली बार करवा चौथ मनाएंगे ये सेलिब्रिटी कपल

मुंबई। करवा चौथ का त्योहार इस साल 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस खास मौके पर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। आम लोगों की तरह बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में भी इस त्योहार की खास रौनक देखने को मिलती है। खास बात ये है कि इस साल कई मशहूर सेलिब्रिटी कपल्स के लिए करवा चौथ बेहद खास होने वाला है, क्योंकि शादी के बाद यह उनका पहला करवा चौथ होगा। इस लिस्ट में रश्मिका मंदाना-विजय देवरकोंडा से लेकर कृतिका कामरा-गौरव कपूर और अर्जुन रामपाल-गैब्रिएला डेमेट्रिएड्स तक के नाम शामिल हैं।







रश्मिका - विजय : साउथ सिनेमा के चर्चित कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इस साल 26 फरवरी को शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों ने राजस्थान के उदयपुर में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी रचाई। इस दौरान तेलुगु और कोडवा रीति-रिवाजों से दो अलग-अलग विवाह समारोह आयोजित किए गए थे। लंबे समय तक अपने रिश्ते को निजी रखने वाले इस कपल की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रही थीं। अब शादी के बाद 29 अक्टूबर को दोनों का पहला करवा चौथ होगा।

नूपुर-स्टेबिन : बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की छोटी बहन नूपुर और मशहूर सिंगर स्टेबिन बेन ने भी इसी साल अपने रिश्ते को शादी का नाम दिया। दोनों ने जनवरी 2026 में उदयपुर में शादी रचाई थी। कपल ने अपनी शादी में दो अलग-अलग परंपराओं को शामिल किया। पहले क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से शादी हुई और फिर हिंदू परंपराओं के अनुसार विवाह की रस्में निभाई गईं। दोनों की शादी की तस्वीरों ने फैंस का खूब ध्यान खींचा था। अब नूपुर और स्टेबिन के लिए भी इस साल का करवा चौथ शादी के बाद पहला होगा।

आकांक्षा- शरण : एक्ट्रेस आकांक्षा रंजन कपूर और फिल्म डायरेक्टर शरण शर्मा ने 11 जुलाई, 2026 को शादी रचाई थी। दोनों ने मुंबई स्थित अपने घर के गार्डन में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में सात फेरे लिए। खास बात यह रही कि कपल ने शादी के लिए वही तारीख चुनी, जिस दिन चार साल पहले उनके रिश्ते की शुरुआत हुई थी। शादी के दौरान आकांक्षा साड़ी में नजर आई थीं, जबकि शरण ने ऑफ-व्हाइट बंदगला पहना था। आकांक्षा की करीबी दोस्त आलिया भट्ट भी शादी के जश्न का हिस्सा बनी थीं। शादी के करीब तीन महीने बाद यह कपल अपना पहला करवा चौथ आने वाला है।

कृतिका और गौरव : टीवी और ओटीटी की मशहूर अभिनेत्री कृतिका कामरा ने 11 मार्च, 2026 को स्पोर्ट्स प्रेजेंटर गौरव कपूर से शादी की थी। दोनों ने मुंबई स्थित अपने घर में सादगी से रजिस्टर्ड मैरिज की थी। इस खास मौके पर परिवार के सदस्यों के अलावा कुछ करीबी दोस्त भी मौजूद थे। शादी के बाद कपल ने अपने दोस्तों के लिए एक सेलिब्रेशन भी रखा था, जिसमें युवराज सिंह, जहीर खान और मलाइका अरोड़ा समेत कई सितारे शामिल हुए थे। शादी के बाद कृतिका लाल साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आई थीं। अब कृतिका और गौरव के लिए भी इस साल का पहला करवा चौथ बेहद खास है।

लॉस एंजिलिस में बजा रामायण का डंका

नई दिल्ली। 'रामायणः राइज ऑफ ए लीजेंड' की लॉस एंजिलिस में खास स्क्रीनिंग हुई, जिसमें रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश शामिल हुए। रेड कार्पेट पर सितारों का अंदाज और 'जय श्री राम' के नारों ने ध्यान खींचा। लॉस एंजिलिस में आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों के लुक ने भी लोगों का ध्यान खींचा। भगवान राम की भूमिका निभा रहे रणबीर कपूर सिल्वर रंग की शिमरी बंदगला ड्रेस में नजर आए। उनके लुक में पारंपरिक भारतीय पहनावे के साथ आधुनिक अंदाज की झलक दिखाई दी। वहीं, फिल्म में माता सीता का किरदार निभा रहीं साई पल्लवी लाल रंग की जरदोजी साड़ी पहनकर पहुंचीं। साड़ी पर बारीक कढ़ाई का काम था। उन्होंने अपने लुक को सादगीपूर्ण रखा और खुले बालों के साथ हल्का मेकअप चुना। दूसरी ओर, रावण की भूमिका निभाने के साथ फिल्म के निर्माता के तौर पर भी जुड़े यश ने ऑल-ब्लैक आउटफिट पहना। उन्होंने अपने लुक को आकर्षक ब्रोच और काले चश्मे के साथ पूरा किया। यश के साथ उनकी पत्नी और अभिनेत्री राधिका पंडित भी मौजूद थीं। राधिका हरे और सुनहरे रंग की सिल्क साड़ी में नजर आईं।



डेविड गेफेन थिएटर में हुई 3डी स्क्रीनिंग

फिल्म की विशेष 3डी स्क्रीनिंग एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स के डेविड गेफेन थिएटर में आयोजित की गई। इस थिएटर में करीब 945 लोगों के बैठने की क्षमता है। कार्यक्रम में फिल्म की टीम के अलावा कई चर्चित हस्तियां और खास मेहमान भी शामिल हुए। इनमें जेडा पिंकेट स्मिथ, रोहिणी अय्यर, बेंजी केली और जिसेला मारेंगो के नाम शामिल हैं। हालांकि, फिल्म में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले रवि दुबे और शूर्पणखा का किरदार निभाने वाली रकुल प्रीत सिंह इस प्रीमियर में नजर नहीं आए।

दिलवाले दुल्हनियां से बागबान तक, इन फिल्मों में दिखा त्योहार का जादू

चांद का दीदार, पति से प्यार... फिल्मों में सेलिब्रेट किया गया करवा चौथ

नई दिल्ली। करवा चौथ का त्यौहार हर शादीशुदा महिला के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। निर्जल रहकर कई औरतें अपने पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करती हैं और चांद देखने के बाद पानी पीकर व्रत खोलती हैं। सिनेमा में भी करवाचौथ के फेस्टिवल को काफी ग्रैंड लेवल पर सेलिब्रेट किया गया है। एक अरसे से करवा चौथ के व्रत की महत्वता को फिल्मों में दिखाया जा रहा है।

दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे

शाह रुख और काजोल की सबसे फेवरेट फिल्मों में से एक दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे है। इस कल्ट फिल्म के एक सीन में सिमरन राज के लिए पूरे दिन भूखी प्यासी रहकर करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब वह राज को ये बताती है, तो वह सिमरन को प्यार से डांट देता है। लेकिन वह जिद ठान लेती है कि व्रत खोलेगी तो सिर्फ राज (Shah Rukh Khan) के हाथ से। जैसे ही त्यौहार सेलिब्रेट होने लगता है, सिमरन बेहोश होने का नाटक करती है और राज खुद उसे पानी पिलाता है। ये सीन दिलवाले दुलहनियां के सबसे यादगार सीन्स में से एक हैं।

कभी खुशी कभी गम

शाह रुख खान की सिर्फ डीडीएलजे में ही नहीं, बल्कि कभी खुशी कभी गम में भी करवा चौथ के त्यौहार की महत्वता को दिखाया गया है। करण जौहर की फिल्म में विदेश में बैठी महिलाओं के लिए भी ये फेस्टिवल कितना मायने रखता है, इसे बहुत ही खूबसूरती से पर्दे पर उतारा है।





बागबान

पति-पत्नी भले ही एक दूसरे से दूर हो या पास, लेकिन अगर उन्होंने चाह लिया तो भी वह इस व्रत को रखकर एक-दूसरे की लंबी उम्र की कामना कर सकती हैं। ये ही अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी स्टारर फिल्म बागबान में दिखाया गया है। जहां दोनों हर साल एक-दूसरे के लिए व्रत करते हैं। हालांकि, एक समय ऐसा आता है, जब उनके बच्चे उन्हें एक-दूसरे से अलग कर देते हैं, लेकिन जुदा होकर भी वह करवाचौथ का व्रत रखते हैं और फोन पर व्रत खोलते हैं।

बीवी नं. वन

करिश्मा कपूर और सलमान खान स्टारर फिल्म बीवी नं वन का करवाचौथ सीन काफी आइकॉनिक है, क्योंकि उसमें एक महिला के प्यार और पुरुष की चीटिंग का भी एक पहलू दिखाया गया है। फिल्म में सलमान खान का किरदार करवा चौथ के बीच अपनी पत्नी को धोखा देकर गर्लफ्रेंड का फास्ट खुलवाने जाता है।

इश्क-विश्क

शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी दर्शकों की फेवरेट रही है। उनकी साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म में भी करवा चौथ का सेलिब्रेशन दिखाया गया है, जहां छुपते-छुपाते अमृता राव, शाहिद कपूर के लिए व्रत रखती हैं। शाहिद भी उनसे ये वादा करते हैं कि वह उनका व्रत खुलवाने जरूर आएंगे।

खबर संक्षेप



कन्या छात्रावास में लगा विधिक जागरूकता शिविर पॉक्सो एक्ट, साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

सक्ती। शासकीय प्री. मै. अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास सक्ती में मंगलवार को 'सुरक्षित बचपन अभियान' के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय कु. पुष्पलता मारकंडे, अपर सत्र न्यायाधीश सक्ती उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के अधिकार, पॉक्सो एक्ट, यौन उत्पीड़न से संरक्षण, साइबर एक्ट और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। शिविर में विशेष रूप से 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और अश्लील सामग्री से सुरक्षा देने पर चर्चा की गई। न्यायाधीश ने छात्राओं को बताया कि अगर कोई उनके साथ गलत व्यवहार करता है, डराता है या अश्लील बात करता है, तो उसे छिपाना नहीं है, बल्कि तुरंत अपने शिक्षक, छात्रावास अधीक्षक, माता-पिता या पुलिस को बताना है। कानून पूरी तरह उनके साथ है। उन्होंने यह भी बताया कि मोबाइल और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। किसी अनजान व्यक्ति से बात न करें, अपनी फोटो और निजी जानकारी साझा न करें और किसी भी तरह के साइबर उत्पीड़न की शिकायत तुरंत करें।

गौठान में 17 गोवंश बेहाल, गो सेवकों के पहुंचते ही जागे अधिकारी

शिवरीनारायण। ग्राम पंचायत तुस्मा में तहसील कार्यालय के बाजू स्थित गौठान में 17 गोवंशों की बदहाल स्थिति सामने आने के बाद व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कीचड़ और गंदगी के बीच पड़े मवेशियों को देखकर पशु संरक्षण के दावों की पोल खुल गई। गौठान का टीन शेड भी बुरी तरह टूटा हुआ है। बताया जा रहा है कि कई गायों की आंखों को कौवे और चील ने नुकसान पहुंचाया है। इससे नियमित देखभाल, चारा-पानी और पशु चिकित्सा सुविधा पर सवाल उठ रहे हैं। गोवंशों की दुर्दशा की जानकारी मिलते ही शिवरीनारायण के गोसेवक मौके पर पहुंचे। मवेशियों की हालत देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों से तत्काल उपचार, सुरक्षित आश्रय और देखरेख की मांग की। गोसेवकों के आक्रोश के बाद अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते नजर आए।

50 लीटर महुआ शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, इक्को वाहन जप्त

जांजगीर-चांपा। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मुलमुला पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब के परिवहन व बिक्री के मामले में पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब व तस्करी में प्रयुक्त इक्को वाहन जप्त किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कोसा सबरिया डेरा क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की बिक्री व परिवहन हो रहा है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में टीम गठित कर कोसा सबरिया डेरा पुल के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान इक्को वाहन क्रमांक सीजी 11 बीटी 1680 में सवार दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। तलाशी में वाहन से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 5 हजार बताई गई है। पुलिस ने तुलसी गोंड (40) व अजय गोंड दोनों निवासी कोसा सबरिया डेरा, थाना मुलमुला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी तुलसी गोंड के खिलाफ थाना मुलमुला में आबकारी एक्ट के 3 व मारपीट के 3 मामले पूर्व से दर्ज हैं।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवानंद सिंह, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक रितेश परमार, सउनि हेमलाल महिलांगे, प्रधान आरक्षक अनिल अजगल्ले व आरक्षकों की भूमिका रही।

दिनभर बदली और बारिश ने फीका किया उत्साह, रात में आसमान निहारती रहीं महिलाएं

चक्रवाती अर्नब ने बिगाड़ा करवा चौथ का रंग, चांद के दीदार को तरसीं सुहागिनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना लेकर सुहागिनों ने गुरुवार 29 अक्टूबर को करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। दिनभर भूखी-प्यासी रहकर पति की लंबी उम्र की कामना करने वाली महिलाओं को उम्मीद थी कि शाम ढलने के साथ आसमान साफ होगा और चांद के दीदार के बाद वे अपना व्रत खोलेंगी। लेकिन चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से बदले मौसम ने उनके उत्साह पर पानी फेर दिया। रात में भी आसमान पर बादलों का डेरा बना रहा और महिलाएं चंद्र दर्शन के लिए तरसती रहीं।

करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के लिए आस्था, प्रेम और समर्पण का पर्व है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। इस बार मौसम ने पर्व की तैयारियों के बीच खलल डाल दिया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और बारिश का दौर चलता रहा। दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ होने की उम्मीद थी, लेकिन बादलों का डेरा लगा रहा और बारिश भी होती रही। शाम होते-होते महिलाओं की निगाहें आसमान पर टिक गईं। उम्मीद थी कि कुछ देर के लिए बादल छंट जाएंगे, तो चांद का दीदार हो जाएगा। लेकिन रात तक चांद बादलों की ओट से बाहर नहीं निकल सका। मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद महिलाओं की आस्था में कमी नहीं आई। बारिश से बचते-बचाते महिलाओ ने पूजा-अर्चना की और परंपराओं का निर्वहन किया। किसी तरह पूजा की रस्में निभाई गई। चांद दिखाई नहीं देने से चंद्र दर्शन की उनकी प्रतीक्षा अधूरी रह गई। इस तरह चक्रवाती तूफान अर्नब का असर करवा चौथ के उल्लास पर भी दिखाई दिया। मान्यता और परंपरा के अनुसार चांद को अर्घ्य देने तथा पूजा करने के बाद ही व्रत का पारण किया जाता है। ऐसे में महिलाओं के लिए चंद्र दर्शन का विशेष महत्व रहता है।



बारिश के कारण बाजार भी फीका रहा और व्यापारी भी परेशान नजर आए।

किसानों को फसल नुकसान की सता रही चिंता

चक्रवाती तूफान अर्नब का असर जिले में दूसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार 29 अक्टूबर को भी दिनभर झड़ी लगी रही। सर्द हवाएं भी चलती रही। दो दिनों की बेमौसम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। गली मोहल्ले में पानी भर गया है। सबसे ज्यादा असर खेती पर देखा जा रहा है। धान की अर्ली वेरायटी फ़सल पक चुकी है। वहीं अधिकांश खेतों में लगी फ़सल पर बलिया आ गई हैं। बेमौसम बारिश और तेज हवाओं के कारण फ़सल खेतों में ही गिर रही है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। इधर लगातार बारिश और बदली के कारण फ़सल पर कीट प्रकोप की चिंता भी किसानों को सता रही है। किसानों को डर है कि अगर मौसम ऐसा ही बना रहा तो उनके चार माह की मेहनत पर पानी फीर जाएगा।

चक्रवात के असर से बारिश, बिजली की आंख मिचौली ने बढाई परेशानी

चांपा। अर्नब चक्रवात के असर से नगर में बुधवार 28 अक्टूबर से शुरू हुई बारिश दूसरे दिन गुरुवार 29 अक्टूबर को भी दिन भर जारी रही। बारिश से अधिक लोगों की परेशानी छ. ग. राज्य विद्युत मंडल ने बढा दी। नगर में लगातार बिजली की आंख मिचौली चलती रही। नगर में बुधवार 28 अक्टूबर से चक्रवाती तूफान अर्नब का असर दिखाई पड़ने लगा. पहले दिन बदली छायी रही और इसके बाद रुक रूककर बारिश का दौर शुरू हो गया। बारिश की झड़ी लगातार गुरुवार को भी दिन भर जारी रही जिससे जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया, लेकिन बारिश से ज्यादा परेशानी विद्युत मण्डल के कारण हुई.। पानी गिरने के दौरान बिजली की निरंतर आवा जाही ने लोगों की मुश्किलें ज्यादा बढ़ा दी। बिजली की यह आंख मिचौली का क्रम गुरुवार रात तक जारी रहा। उधर मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे तक जिले में बारिश और तेज हवाएं चलने का एलर्ट जारी किया हैं। ऐसे में लगता हैं कि अर्नब चक्रवात का असर अगले 24 घंटे तक जारी रहेगा जिससे जन जीवन को सामान्य होने में वक्त लगेगा।



8 घंटे तक जलता रहा देवराहा कॉटन इंडस्ट्रीज, 40 लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा के पास देवराहा-पीथमपुर में स्थित देवराहा कॉटन इंडस्ट्रीज में देर रात लगी भीषण आग ने सब कुछ राख कर दिया। करीब साढ़े 8 घंटे तक आग धधकती रही।

फैक्ट्री संचालक के मुताबिक इस अग्निकांड में 35 से 40 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि मजदूर समय रहते बाहर निकल आए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।आधी रात को धुएं से घुटने लगा दम, भागकर बचाई जानफैक्ट्री में दिनभर काम के बाद कारीगर और मजदूर रात में सो रहे थे। रात करीब 12:30 बजे अचानक फैक्ट्री के भीतर धुआं भरने लगा। दम घुटने पर मजदूर उठे तो देखा चारों तरफ आग फैल चुकी है। सभी ने तुरंत संचालक को फोन किया और जान बचाकर बाहर भागे।संचालक मौके पर पहुंचे और दमकल को सूचना दी। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने भी आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटों के आगे सब बेबस नजर आए।जांजगीर-चांपा से आई दमकल, फिर भी नहीं बुझी आगसूचना पर पहले जांजगीर से और फिर चांपा पीआईएल की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। लेकिन संचालक का आरोप है कि दमकल कर्मी आग को अधूरा छोड़कर ही वापस लौट गए। अतिरिक्त गाड़ी के लिए गुहार लगाई गई, पर सुनवाई नहीं हुई।अगर समय पर पर्याप्त दमकल और पानी मिल जाता तो नुकसान कम हो सकता था। रात 12:30 बजे लगी आग सुबह करीब 9 बजे जाकर बुझी। देर रात आसमान में उठती लपटों को देखकर पूरे इलाके में दहशत फैल गई। संचालक के मुताबिक आग में 15 से 20 लाख रुपये का सामान, फैक्ट्री का शेड, एक मशीन और दो स्कूटी जलकर नष्ट हो गई। कुल नुकसान 35 से 40 लाख रुपये के बीच बताया जा रहा है। फैक्ट्री में अग्निशमन यंत्र भी थे, लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि वे काम नहीं आए।

रजक समाज ने उठाई प्रतिनिधित्व की मांग, बिल्हा विधायक ने दिया सकारात्मक पहल का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष पित्रेश उजागर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा में उत्कृष्ट विधायक चुने जाने पर जिला जांजगीर की ओर से उन्हें शाल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया तथा शुभकामनाएं दी गईं।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने रजक समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक और राजनीतिक स्तर पर उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि समाज के लोग लंबे समय से संगठन और पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें उचित स्थान मिलना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय रजक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मलकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश कर्ष, प्रदेश संरक्षक ज्ञान सिंह निर्मलकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामेश्वर निर्मलकर सहित कन्नौजे रजक समाज सेवा समिति के संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीकांत निर्णेजक, सखाराम निर्मलकर, फेकू राम निर्मलकर एवं अमरनाथ निर्मलकर, हर प्रसाद निर्मलकर, जिला सचिव श्रवण निर्मलकर तथा लोकनाथ निर्मलकर, प्रभु निर्मलकर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



अवैध शराब कारोबारी परकार्रवाई 40 लीटर महुआ शराब जब्त

बाराद्वार। ग्राम मुक्ताराजा थाना बाराद्वार में अवैध शराब कारोबारी पर बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने महिला कारोबारी के घर से कुल 40 लीटर महुआ शराब और 1 स्कूटी जब्त की है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। बाराद्वार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुक्ताराजा वार्ड नंबर 12 निवासी मानकुंवर कुर्रे पति मोहनलाल कुर्रे द्वारा अपने घर से अवैध रूप से शराब बेचने की शिकायत मिली थी। शिकायत की पुष्टि के लिए टीम ने पहले छद्म खरीददार भेजकर महुआ शराब की खरीदारी करवाई। खरीदारी में शराब बिक्री की पुष्टि होने के बाद टीम ने उसके मकान में छापा मारा। वहीं बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी की डिक्की में रखा 10 लीटर महुआ शराब मिला। इस प्रकार कुल 40 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। 40 लीटर महुआ शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

शरद संगीत समारोह में पंडवानी की मनमोहक प्रस्तुतियां ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

सत्य निजनाम बोध संस्थान पोड़ी (राछा) के तत्वावधान में सत्य कबीरदासी दास संस्थापक एवं माता सत्य लीलादेवी के सानिध्य में गुरु घासीदास महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव शरद संगीत समारोह 25 अक्टूबर को सत्य निजनाम बोध संस्थान पोड़ी (राछा) में संपन्न हुआ।

समारोह में राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से आमंत्रित संगीत कलाकारों के द्वारा संगीत की अनेक विधाओं में अपनी प्रस्तुति दी गई। गायक श्यामलाल चौहान (सारंगढ़) के द्वारा रागमारू विहाग में गीत प्रस्तुत किए गए। उनके साथ तबला वादक रोशन कश्यप, कथक नृत्य श्रीता देवांगन, सुगम गायन प्रिया श्रीवास, भजन एवं गजल पेश किया गया। वायलिन, सरोद, सितार एवं तबला का एक साथ वादन रागमिश्रपिलु तीनताल में बासुरी वादक देवेंद्र वर्मा राग हंस ध्वनि में तबला वादन स्वरांश सर्प बाल कलाकार के द्वारा किया गया। शास्त्रीय गायन शुभम ठाकुर के द्वारा राग अड़ाना, मालकौंस एवं ठुमरी पेश किया गया, तबला में संगत रामचन्द्र सर्प जो कि एक अनोखी एवं मनभावन प्रस्तुति रही। हर्ष चन्द्राकर के द्वारा प्रस्तुत करने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ये सभी प्रस्तुतियां संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलाकारों के द्वारा पेश किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं सहयोग क्रमशः संगीत गुरु के. आर. कश्यप, दिलीप पटेल एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ के समस्त संगीत गुरुओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



मनमोहक प्रस्तुति देते कलाकार।

तूफान और बारिश के बीच मेंटनेस में जुटा अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

अर्नब साइक्लोन के प्रभाव से क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम के बीच बम्हनीडीह बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी विद्युत व्यवस्था बहाल करने में जुटे हुए हैं। प्रतिकूल मौसम के बावजूद विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए विभागीय अमला लगातार प्रयास कर रहा है।

बारिश और तेज हवाओं के बीच खेतों,गांवों में जाकर बिजली लाइनों एवं खंभों पर सुधार कार्य करना कर्मचारियों के लिए चुनौतीपूर्ण है। इसके बावजूद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचकर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। खेतों के बीच स्थित विद्युत खंभों पर चढ़कर कार्य करते कर्मचारियों की तस्वीर उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण को दर्शाती है।विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आम लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करने के लिए बिजली विभाग का मैदानी अमला सक्रिय है। खराब मौसम में भी कर्मचारियों की तत्परता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। विपरीत परिस्थितियों में विद्युत व्यवस्था बनाए रखने के लिए जुटे बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। हालांकि, ऐसे जोखिमपूर्ण कार्यों के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए।



एक सप्ताह तक पुलिस को चकमा देता रहा आरोपी, आखिरकार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

महिला की लकड़ी से पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को बिलाईगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। घटना हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम कैथा की है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर

■ हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम केथा की घटना

न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

हसौद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 22 अक्टूबर को ग्राम कैथा निवासी लक्ष्मीबाई विश्वकर्मा का किसी बात को लेकर रंजीत धनुहार से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने महिला की लकड़ी से पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी महिला के शव को खेत में ले जाकर फेंक दिया और मौके से फरार हो गया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

खेत में मिली लाश तब हुआ खुलासा

शुक्रवार 23 अक्टूबर को गांव के कुछ लोगों को खेत में महिला की लाश दिखाई दी। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना हसौद पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

जंगल में छिपा था आरोपी

पुलिस को गुरुवार 29 अक्टूबर को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि घटना का आरोपी रंजीत सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बकरी पाली के जंगल में छिपकर रह रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी रंजीत को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

जर्जर भवन में संचालित हो रहा तुस्मा का आंगनबाड़ी केन्द्र, जिम्मेदार विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा में आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाल व्यवस्था सामने आई है। गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 और केंद्र क्रमांक 5 के पास आज तक अपना स्थायी भवन नहीं है। एक केंद्र किराए के भवन में तो दूसरा टूटी फूटी ढांचे में संचालित हो रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों को किस तरह का वातावरण मिल रहा है,इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। वहीं,जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

गौरतलब है कि आंगनबाड़ी केंद्र छोटे बच्चों के पोषण,स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराने के साथ ही उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर ध्यान दिया जाता है। लेकिन जब इन केंद्रों के पास अपना सुरक्षित और व्यवस्थित भवन ही नहीं हो, तो बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावों पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है।वर्ष 1998 से टूटी फूटी भवन में संचालित केंद्र क्रमांक 5मिली जानकारी के अनुसार,तुस्मा का आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 वर्ष 1998 से टूटी फूटी भवन में संचालित हो रहा है। इतने लंबे समय बीत जाने के बाद भी केंद्र को अपना स्थायी भवन नहीं मिल सका है।वहीं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है। दोनों केंद्रों की स्थिति गांव में आंगनबाड़ी सुविधाओं के लिए स्थायी बुनियादी ढांचा विकसित करने की आवश्यकता को उजागर करती है।ग्रामीणों का सवाल है कि जब बच्चों के भविष्य और पोषण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही जाती है,तो फिर वर्षों से संचालित इन केंद्रों के लिए भवन की व्यवस्था क्यों नहीं हो सकी है। यदि भवन निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी थी,तो निर्माण कार्य अब तक अधूरा क्यों है। वर्ष 2010 में दो भवनों की स्वीकृति, फिर भी निर्माण नहीं इस मामले में महिला एवं बाल विकास अधिकारी के अनुसार वर्ष 2010 में ग्राम तुस्मा में दो नए आंगनबाड़ी भवनों की स्वीकृति दी जा चुकी है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि वर्षों से समस्या बनी रहने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों की मांग है कि संबंधित विभाग मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन की दरकार है।



तुस्मा का बदहाल आंगनबाड़ी केन्द्र।



